

## एक नजर में



### कलेक्टर का आदेश नहीं माना, पांच लोगों पर कार्यवाही

**नवभारत बुधनी.** तहसील अन्तर्गत स्थित दिगंबर जलप्रपात पर घूमने गए करीब 10-12 लोगों को प्रशासन की संयुक्त टीम ने पकड़ा. प्रतिबंध के बावजूद सभी लोग 5 बाइक से शाहगंज स्थित दिगंबर जलप्रपात पर घूमने गए थे. जिसकी सूचना मिलते ही राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और सभी लोगों को पकड़कर शाहगंज थाने लाया गया. जिसमें 7 लोग बालिग होने पर मोटर व्हीकल एक्ट के अन्तर्गत पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की गई. तो वहीं 5 नाबालिग लड़कों के परिजनों को सूचना दी गई और हिदायत देकर छोड़ा गया है. बुधनी एसडीएम ने बताया कि कलेक्टर बालागुरु के द्वारा जारी आदेश में साफ कहा गया है कि बारिश के पूरे सीजन में नागरिकों और सैलानियों को कोलार डेम, अमरगढ़ वाटरफॉल, दिगंबर वाटरफॉल, कालियादेव वाटरफॉल, मिडघाट फॉरेस्ट एरिया, झोलियापुर बैराज पर लोगों को जाने से रोका जाए. यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंध का उल्लंघन करता है तो उस पर कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है.



### अभियान के तहत टीबी रोगियों को प्रदान किए फूड बास्केट

**नवभारत आष्टा.** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के तहत विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी संपूर्ण उपचार अवधि के दौरान प्रत्येक माह पोषक आहार प्रदाय करने की जिम्मेदारी ली गई है. योजना के तहत शनिवार को मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित गणेश माथुर द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया. इसी प्रकार नि-क्षय मित्र योजना के अंतर्गत एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के पांच टीबी रोगियों को पूरक पोषण सामग्री के रूप में फूड बास्केट का वितरण किया गया. श्री शुक्ला ने रोगियों को संतुलित आहार, स्वच्छ जीवनशैली और इलाज के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ. जेडी कोरी, गायत्री वारपेटे, प्रदीप भावसार की उपस्थिति रहीं.



### नशामुक्ति के संदेश के साथ ही दिलाई शपथ

**नवभारत भैरूंदा.** एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में गोपालपुर पुलिस स्टॉफ द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें ग्रामवासियों को नशे के आदी व्यक्तियों एवं परिवार वालों को नशा मुक्ति पुनवास केंद्र की जानकारी जिला लेवल पर नशा पुनर्वास केंद्र के संबंध में मोबाइल नंबर साझा किए व शपथ दिलवाई गई. सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से नशे में लिप्त व्यक्तियों को परामर्श एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं. पोस्टर व पम्प्लेट का वितरण किया गया एवं नशे से दुष्प्रभाव, हेल्प लाइन नंबर 14446 आदि के संबंध में जानकारी दी गई.



### किसानों और यात्रियों को किया जागरुक

**नवभारत रेहटी.** शनिवार को एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना नगर के बस स्टैंड, मालीबायां तिराहा, कोसमी स्थित वेयर हाउस पर किसानों एवं यात्रियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया. बस स्टैंड पर पोस्टर लगवाए और पंपलेट बांटे गए. साथ ही नशा मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गई.



### बालिकाओं को निर्भीक होकर आगे बढ़ना होगा : एएसपी

**नवभारत सीहोर.** नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी वजन संवाद किया गया. सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में विभिन्न सदनों एवं कक्षाओं की छात्राओं को नेतृत्व पदों के लिए चयनित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि एएसपी सुनीता रावत ने अकादमिक कैडेट कैप्टन एवं डिप्टी अकादमिक कैडेट कैप्टन को शैशेस एवं बैज पहनाकर शपथ दिलाई. उन्हांने ने बालिकाओं से कहा कि बेटियों को निर्भीक होकर आगे बढ़ना होगा. आप अपने आत्मविश्वास को विकसित करें. कार्यक्रम में सूबेदार प्राची राजपूत, संस्था के प्रबंधक सत्येन्द्र शर्मा, प्राचार्या श्रीमती मीना शिवदासानी तथा प्रशासक अशोक त्रिपाठी आदि शामिल हुए.

# जर्जर भवनों की फिर अनदेखी कर रही नपा

## नगरपालिका ने चिन्हित किए थे 86 जर्जर भवन, नोटिस देने की औपचारिकता के बाद कार्रवाई करना भूले

- जून माह में ढहाया था केवल एक जर्जर भवन
- अनवरत बारिश होने पर बन सकते हैं अनहोनी का कारण

नवभारत न्यूज

**सीहोर. संभवत: नपा को जर्जर भवनों से किसी अनहोनी का इंतजार है. यही कारण है कि जून माह में एक जर्जर भवन को ढहाने के बाद नपा ने अपनी कार्रवाई को शिथिल कर दिया है. वह भी तब जबकि नपा ने खुद शहर में 86 मकानों को जर्जर घोषित कर मकानों में रहने वालों को नोटिस थमाकर मकान खाली करने को कहा है.**

नगर में ऐसे मकानों की कमी नहीं है जो जर्जरावस्था में पहुंच गए हैं तथा इनकी उम्र पूरी हो चुकी है. हर बारिश में नपा द्वारा ऐसे मकानों की पहचान कर उनके स्वामियों को नोटिस थमाकर मकान तोड़ने को कहा जाता है, लेकिन ज्यादातर भवन स्वामी इन नोटिस को कोई तवज्जो नहीं देते हैं. कई बार राजनीतिक दखल के चलते भी इन मकानों को नहीं तोड़ा जाता है. नतीजतन जर्जर मकान ढहते हुए जनहानि का



**सीहोर.** जर्जर भवनों को धराशायी करने में बरती जा रही लापरवाही के चलते कई मकान खतरनाक होकर गिरने के कगार पर पहुंच गए.

कारण बन जाते हैं. बीते वर्ष ही शहर की खजांची लाईन में एक जर्जर मकान तेज बारिश के चलते ढह गया था. जिसमें एक बुजुर्ग महिला की दबकर मौत हो गई थी. इस घटना के बाद प्रशासन इतनी तेजी से सक्रिय हुआ कि उसने जर्जर मकानों को तोड़ने के लिए किसी को मोहलत नहीं दी और उसी दिन पान चौराहे पर एक तथा कोतवाली चौराहे के भी एक जर्जर मकान को धराशायी कर दिया था. हालांकि इसके बाद नपा ने कार्रवाई को विराम दे दिया था.

इस साल एक बार फिर नपा ने मानसून के पूर्व शहर में जर्जर मकानों का सर्वे शुरू किया. इस दौरान 86 मकानों को जर्जर मानते हुए उनमें रहने वालों को नोटिस देकर मकान खाली करने को कहा गया. गत 30 जून को जर्जर मकानों को तोड़ने की मुहिम भी शुरू की गई. इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र के सामने एक जर्जर मकान को नपा के अमले ने जेसीबी की मदद से धराशायी किया. उस दौरान नपा के सहायक यंत्री विजय कोली ने बयान दिया था कि जर्जर व खतरनाक मकानों को तोड़ने का काम नियमित किया जाएगा, लेकिन हर बार की तरह इस साल भी नपा ने एक ही मकान को तोड़ने के बाद अपनी मुहिम को जो विराम दिया वह अब तक बरकरार बना है. इससे ऐसा प्रतीत होता है मानो नपा को कोई बड़ी अनहोनी का इंतजार है. उसके बाद ही मुहिम फिर शुरू होगी.

### वार्ड क्र. 28 में सर्वाधिक 21 जर्जर मकान

नपा द्वारा शहर के सभी 35 वार्डों के मकानों की जो सूची तैयार की गई है उसमें सर्वाधिक 21 जर्जर मकान वार्ड क्र. 28 में हैं. इसी तरह 26 नंबर वार्ड में कुल 8 मकान जर्जर हैं. वार्ड क्र. 12 और 13 में 6-6 जर्जर मकान हैं. वार्ड क्र. 11 में 5, वार्ड 18 में 4, वार्ड क्र. 17, 25 और 30 में तीन- तीन मकान जर्जर हैं. जबकि अन्य वार्डों में जर्जर मकानों की संख्या एक से दो तक है, जिन्हें नपा द्वारा शीघ्र तोड़ा जाएगा.

### शीघ्र ही गिराएंगे जर्जर मकान

जिन जर्जर मकानों को तोड़ने के लिए लोगों को नोटिस थमाए थे. उनके द्वारा थोड़े समय की मोहलत मांगी गई थी. शीघ्र ही हमारे द्वारा सभी चिन्हित जर्जर मकानों को तोड़ने की मुहिम प्रारंभ की जाएगी.

**सुधीर कुमार**
मुख्य नपाधिकारी, सीहोर

## पंकज शर्मा बने जिला कांग्रेस के प्रवक्ता



**सीहोर.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के अनुमोदन और मीडिया विभाग प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मुकेश नायक की सहमति से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता जिला मीडिया प्रभारी हर्ष जैन ने युवा कांग्रेस नेता पंकज शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है. पंकज शर्मा के जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त होने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर, कैलाश परमार, राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, शैलेन्द्र पटेल, हरीश राठौर, धर्मेंद्र चौहान, राहुल यादव, नईम नवाब, गुलाब बाई ठाकुर, रजनी शर्मा, सीताबाई मालवीय, प्रीति भारती, पवन राठौर, विक्रम मस्ताल शर्मा, कमलसिंह चौहान, शशांक सक्सेना, महेश राजपूत, केशव चौहान, हरपाल ठाकुर, कपिल उपाध्याय, सीतारानी चौरसिया, सत्यनारायण भाटी, सुदीप व्यास, रमेश गुप्ता आदि ने बधाई दी.

## मारपीट का आरोपी आरक्षक निलंबित

**सीहोर.** एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार सीएसपी द्वारा वायरल वीडियो में आरक्षक को दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है. गौरतलब है कि पुलिस लाइन में पदस्थ एक आरक्षक द्वारा सब्जी का ठेला लगाने वाले व्यक्ति के साथ धक्का-मुक्की करने का वीडियो वायरल हुआ था. जिसमें गुरुवार को आरक्षक ब्रह्मलाल धुर्वे पुरुषोत्तम कुशवाह के सब्जी ठेला पर पहुंचे और रुपए मांगने लगे. दुकानदार ने मना किया तो उससे मारपीट की. पुलिसकर्मी की हरकत का कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया था. सीएसपी अभिनंदना द्वारा आरक्षक ब्रह्मलाल धुर्वे की अनुशासन हीनता व छवि धूमिल करने पर आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है. विस्तृत अग्रिम जांच के लिए रक्षित निरीक्षक को नियुक्त किया गया है.

# हमें गर्व है कि ब्रांड एंबेसडर पं. मिश्रा के कारण मिली उपलब्धि

- शनिवार को नगरपालिका ने निकाली आभार रैली
- रैली में प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** देश के जन-जन में शिव भक्ति और हमारे शहर का नाम विश्व में प्रसिद्ध करने वाले पं. प्रदीप मिश्रा स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर हैं जिनके कारण आज हमारी नपा देश में और प्रदेश में अव्वल रही है. उनकी प्रेरणा से हम अब देश में सीहोर को सुंदर और स्वच्छता के साथ नशा मुक्ति का घर-घर संदेश देंगे.

उक्त विचार कोतवाली चौराहे पर नपा के तत्वाधान में आयोजित स्वच्छता रैली को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने व्यक्त किए. इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर और सभी पार्षदों ने मुख्य अतिथि पं. प्रदीप मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, भाजपा नेता सन्नी महाजन और संत मोहित राम पाठक सहित अन्य का स्वागत व सम्मान किया.

शनिवार को दोपहर में नपा द्वारा आयोजित स्वच्छता रैली कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए नशे से दूरी है जरूरी, जन जागरुकता अभियान के तहत किया प्रचार-प्रसार किया. शहर के कोतवाली चौराहे से क्षेत्रवासी, जनप्रतिनिधि और स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जन-जन को जागरूक किया और मंच से संकल्प दिलाया गया. स्वच्छता रैली शहर के कोतवाली से होते हुए तहसील चौराहे गांधी पार्क में पहुंची. जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पाजंली अर्पित की.



### अनवरत सफाई कार्य जारी रहने का मिला लाभ

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि अब देश में नंबर वन आने के लिए हमारे द्वारा संकल्प लिया गया है. इसके लिए वार्ड स्तर पर भी रैली निकाली जाएगी और नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जाएगा. क्षेत्र को नंबर वन लाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. सरकार ने कई स्वच्छता वाहन उपलब्ध कराए हैं. जिससे प्रत्येक वार्ड में कचरा वाहन पहुंच सके और आसपास सफाई बनी रहे. नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नपा के सफाईकर्मी भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. नगर में दोनों समय सुबह और शाम को विशेष रूप से सफाई की जा रही है. वहीं कचरा वाहन भी दोनों समय डोर टू डोर जाकर कचरे को संग्रहण कर रहे हैं.

### शहर को स्वच्छ रखने कठोर कदम भी उठाएंगे : सीएमओ

नपा सीएमओ सुधीर कुमार ने कहा कि देश में नगर को नंबर एक आने के लिए आज से ही तैयारियों को शुरू करना होगा. स्वच्छता को अपने आचरण में इस तरह अपना लो कि वह आपकी आदत बन जाए. सभी दरोगा एवं और टू डोर चालकों को निर्देश दिए गए. साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अब शहर में कोई भी कचरा सड़क पर या नाली में डालते पकड़ा गया तो अर्थदण्ड की चालानी कार्यवाही स्थल पर ही सफाई दरोगा द्वारा की जाएगी. दो से तीन बार एक ही व्यक्ति के विरुद्ध अर्थदण्ड की कार्यवाही होती है तो उसके विरुद्ध न्यूसेंस की धारा 133 के अंतर्गत एसडीएम की और कार्यवाही के लिए प्रकरण तैयार कर भेजा जाएगा.

## अमानक खाद बेचने पर लायसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** अधिक मूल्य पर उर्वरक बेचने पर बिलकिसगंज स्थित दुकान मेसर्स धान्वी सीडस एण्ड पेस्टीसाईडस पर कार्रवाई की गई है और दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है.

प्राप्त शिकायत के अनुसार इस दुकान द्वारा 320 रुपए प्रति बोरी की दर से यूरिया एवं 1800 रुपए प्रति बोरी की दर से डीएपी की बिक्री की गई और 2440 रुपए की राशि वसूल की गई है. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा दुकान का निरीक्षण किया. जांच में विक्रय दरों में अनियमितता पाई गई. आगामी आदेश तक इस दुकान पर उर्वरक एवं कीटनाशकों का विक्रय पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है. दुकान का लाइसेंस भी निलंबित कर दिया गया है.

### अमानक बीज विक्रेता पर भी गाज

लुनिया चौराहा स्थित मे. कृषक समर्थ एग्री क्लीनिक बीज विक्रय केन्द्र पर अमानक बीज बेचने पर कार्रवाई करते हुए केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है.दुकान संचालक द्वारा बीज विक्रय में नियमों एवं मापदंडों का उल्लंघन करने की शिकायत प्राप्त हुई थी. उसके द्वारा बेचे गए 20 क्विंटल सोयाबीन बीज में बुआई के बाद अपेक्षित स्तर का अंकुरण प्राप्त नहीं हुआ. किसानों को बीज से पर्याप्त अंकुरण नहीं मिल पाने के आर्थिक हानि हुई थी.

## आदिवासी समाज को बताए नशे के दुष्परिणाम



- एसडीएम व एसडीओपी की उपस्थिति में किया जागरुक
- नशामुक्ति संबंधी पोस्टर एवं पम्पलेट का किया वितरण

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** शनिवार को तहसील के आदिवासी समाज के बाहुल्य क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोशमी में नशामुक्ति जन जागृति कार्यक्रम में नशे से दूरी है जरूरी का आयोजन किया गया. जिसमें एएसपी सुनीता रावत उपस्थित रहीं.

कार्यक्रम में पुलिस द्वारा समाज में बढ़ रहे नशे के प्रचलन के कारणों के संबंध में चर्चा की गई. साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया. समाज के लोगों को महुआ से बनाई गई देशी शराब का उत्पादन एवं सेवन न करने की समझाइश दी गई. नशामुक्ति संबंधी पोस्टर व पम्प्लेट का वितरण किया गया एवं हेल्प लाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई. इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को नशे से दूर रहने एवं जागरूक बनने के संबंध में शपथ दिलाई गई. उत कार्यक्रम में एसडीएम मदन रघुवंशी, एसडीओपी रोशन जैन, थाना प्रभारी सहित थाना स्टॉफ व आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष निर्मला सुनील बारेला, जनपद पंचायत सदस्यगण, क्षेत्र की 10 पंचायतों के सरपंच, पटेल एवं आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

## ग्रामीण बैंक ने मनाया किसान दिवस

**सीहोर.** मप्र ग्रामीण बैंक द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन द्वारा किया गया. इसी क्रम में शनिवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री रेखा तिवारी ने की. किसान स मेलन में अनेक किसान उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक द्वारा किसानों को विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई. शाखा प्रबंधक अशोक डाबी, भोपाल नाका ब्रांच प्रबंधक अनुज गुप्ता, मण्डी शाखा प्रबंधक प्रीति सिंह, क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी आयुषी पाण्डे, रचना अग्रवाल, सचिन मालवीय, उमेश सिंह उपस्थित थे.

**कार्रवाई** राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग का अमला मुस्तैद रहकर कर रहा कार्रवाई

# वाटरफॉल पर आने वाले सैलानियों की धरपकड़

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** प्रतिबंध के बाद भी अनेक युवा सैलानी खतरनाक जलप्रपातों पर जाने को जोखिम उठाने से बाज नहीं आ रहे हैं. पूर्व में घटित घटनाओं से सबक न लेते हुए ऐसे सैलानियों के खिलाफ प्रशासन द्वारा धरपकड़ की कार्रवाई की जा रही है.

कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले के वाटरफॉल, बांध, नदियों के तटीय क्षेत्र सहित अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर सैलानियों को जाने से रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है. भ्रमण के दौरान बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि इन स्थानों पर नागरिकों को जाने से रोकने के लिए मार्गों पर



कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है. राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भोपाल से सीहोर के अमरगढ़ वाटरफॉल आए टूरिस्ट वाहन पर चालानी कार्रवाई की गई. इसी प्रकार रेहटी तहसील स्थित बाणगंगा पर भी सैलानियों के वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई.

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा वर्षा ऋतु में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के दिगंबर वाटरफॉल, अमरगढ़ वाटरफॉल, कालियादेव वाटरफॉल, बुधनी मिडघाट क्षेत्र, कोलार बांध क्षेत्र, झोलियापुर बैराज, नर्मदा तटीय सहित सभी जोखिमपूर्ण स्थानों पर जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है. ताकि इन स्थानों पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके. इसके बाद भी लोगों द्वारा जलप्रपातों पर जाने से गुरेज नहीं किया जा रहा है. नतीजतन प्रतिबंध का उल्लंघन कर इन स्थानों पर जाने वाले लोगों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है. कलेक्टर बालागुरू के ने सभी नागरिकों से बांध, तालाब, झरनों सहित अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर नहीं जाने की अपील करते हुए कहा है कि इस प्रतिबंध का पालन करें और वर्षा ऋतु के दौरान अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए इन स्थानों पर जाने से परहेज करें.

## नाली निर्माण के लिए विस्थापित होगी प्रतिमा

नवभारत न्यूज

**दोराहा.** हनुमान मंदिर समिति विधायक सुदेश राय की समझाईश पर नाली निर्माण में सहयोग करने के लिए तैयार हो गई है. दोराहा बाजार मुख्य सड़क पर स्थित मंदिर में विराजित हनुमान प्रतिमा को अब विधिविधान से विस्थापन किए जाने की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है.

ग्राम पंचायत द्वारा विधायक सुदेश राय की अनुशंसा के बाद पानी निकासी के लिए मु य बाजार की सड़क के किनारे नाली निर्माण किया जाना प्रस्तावित किया गया था. लेकिन नाली निर्माण में हनुमान मंदिर भवन बाधा उत्पन्न कर रहा था. मंदिर समिति के सदस्य नाली निर्माण के लिए मंदिर और प्रतिमा विस्थापित करने को तैयार नहीं थे. अनेक लोग मंदिर समिति सदस्यों को मना चुके थे, लेकिन वह विराजित हनुमान प्रतिमा के विस्थापन के लिए किसी भी तरह से तैयार नहीं थे और इस कार्य को धर्म शास्त्रों के विरुद्ध बता रहे थे.

विधायक सुदेश राय कार्य प्रगति का निरीक्षण करने के लिए दोराहा पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने मंदिर समिति सदस्यों और ग्राम के वरिष्ठजनों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए देव प्रतिमा विस्थापन का उधारण देते हुए समझाईश दी और नाली निर्माण के बाद विधिविधान से हनुमान प्रतिमा को मूल स्थान से कुछ पीछे स्थापित करने के लिए कहा जिस के बाद सभी मान गए और समस्या का समाधान हो गया. बीते दिनों से नाली निर्माण का विरोध किया जा रहा था जिस कारण मुख्य बाजार में निर्माण कार्य थम गया था. विधायक सुदेश राय के हस्तक्षेप के बाद दोराहा नगर में अब विकास कार्यों को गति मिलेगी और निर्माण व विकास कार्य का लाभ जनता को मिलेगा.